__/__/__

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-                              Class- IV
Subject- Hindi Language                Page- 1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

'मुहावरे'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
यह पाठ 'मुहावरे' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 1 अगस्त, 2022 को भेजा जाएगा।
प्यारे बच्चो! आज हम इस पाठ में 'मुहावरे' पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के दौरान कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो! अब मैं आपको मुहावरों के विषय में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं, तो मैं आपको 'मुहावरों' के बारे में समझाने जा रही हूँ। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक सुनेंगे।
बच्चो! मुहावरे वाक्य का ऐसा अंश होते हैं, जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर किसी विशेष अर्थ को व्यक्त करता है। उसे हम मुहावरा कहते हैं। मुहावरे का वाक्य में विशेष अर्थ होता है; जैसे 'हवा से बातें करना' एक मुहावरा है, जिसका शाब्दिक अर्थ है 'हवा से बातें करना' किंतु इसका वास्तविक अर्थ है 'बहुत तेज़ दौड़ना'।
मुहावरे अपने विशेष अर्थ के कारण भाषा को प्रभावशाली बनाते हैं।
इस प्रकार बच्चो! ऐसे वाक्यांश जो विशेष अर्थ देते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date-  Class- IV

Subject - Hindi Language  Page-2

Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

जैसे :- • ढिंढोरा पीटना मुहावरे का अर्थ है - घोषणा करना
• आँख लगना — नींद आ जाना
• आग बबूला होना — बहुत गुस्सा करना
• नाक में दम करना — बहुत परेशान करना

इस प्रकार मुहावरे स्वतंत्र वाक्य नहीं होते हैं। ये ऐसे वाक्यांश होते हैं जो अपने साधारण अर्थ को छोड़कर विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं।

* बच्चो ! हम अपनी भाषा को प्रभावशाली बनाने के लिए मुहावरों का प्रयोग करते हैं।

* मुहावरों का प्रयोग हमेशा उनके मूल रूप में किया जाता है। जैसे :- 'घी के दीये जलाना' की जगह हम तेल के दीये जलाना मुहावरे का प्रयोग नहीं कर सकते हैं।

बच्चो ! मैंने आपको मुहावरे समझा दिए हैं। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न - 1. वाक्यांश जो विशेष अर्थ प्रकट करते हैं, क्या कहलाते हैं ?

प्रश्न - 2. 'हवा से बातें करना' मुहावरे का अर्थ लिखें।

प्रश्न - 3. 'आँख लगना' मुहावरे का अर्थ लिखें।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो चुका है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. मुहावरे

उत्तर - 2. बहुत तेज़ दौड़ना

उत्तर - 3. नींद आ जाना

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- 1 . 8. 2022 Class- IV
Subject- Hindi Language Page- 3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

बच्चो! मैंने आपको मुहावरे समझा दिए हैं। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको कुछ मुहावरे करवाऊँगी, जिन्हें आप अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका मे लिखेंगे।

| | मुहावरे | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | अंग-अंग ढीला होना | बहुत थक जाना |
| 2. | दाल न गलना | काम न बनना |
| 3. | मन भारी होना | उदास होना |
| 4. | खून पसीना एक करना | बहुत मेहनत करना |
| 5. | उँगली उठाना | दोष लगाना |
| 6. | आँखों के आगे अँधेरा छाना | कुछ समझ न आना |
| 7. | कान भरना | चुगली करना |
| 8. | टूट पड़ना | हमला बोलना |
| 9. | मुँह की खाना | बुरी तरह हराना |
| 10. | आँख लगना | नींद आ जाना |

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-  Class- IV
Subject- Hindi Language  Page-4
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

| | | |
|---|---|---|
| 11. | खरी-खोटी सुनाना | बुरा-भला कहना |
| 12. | अगर-मगर करना | टाल-मटोल करना |

गृह कार्य :-

बच्चो ! आप इन मुहावरों को ध्यान से पढ़ेंगे एवं समझेंगे।

- आप इन 12 मुहावरों को अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।
- आप इन मुहावरों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद !

Last page.

Scanned with CamScanner